तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 9 दिसंबर 2024



11 स्थानांतरण पर व्याख्याता फणींद्र पटेल को दी विदाई



12 वार्षिक खेल स्पर्धा में नेशनल स्कूल के छात्रों ने दिखाया दम



## खबर संक्षेप

### स्नेह मिलन में कार्यकर्ताओं से रुबरु होंगे विधायक आज



**सिमगा।** क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा एवं सिमगा द्वारा तरेंगा नाका के पास स्थित पद्मा रिसोर्ट में 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ विधायक साव मुलाकात करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं के लिए प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया है। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने समस्त कार्यकर्ताओं को उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने अपील की है।

### चिन्हित गांवों में आपके द्वार की टीम करेगी इलाज आज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मोबाइल मेडिकल यूनिट एमएमयू वाहन से डॉक्टर आपके द्वार की टीम ग्रामीणों के इलाज के लिए 9 दिसंबर को जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम बंधनपुर, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम बटाऊपाली अ और भड़ीसार, बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम बलौदी और खुरसुला में स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, फार्माशिष्ट उपलब्ध रहेंगे। एमएमयू वाहन में वजन, खून की मात्र हीमोग्लोबिन जांच, बल्ड प्रेशर और श्वास ऑक्सीमेट्री जांच सुविधाओं के साथ निशुल्क दवा वितरण व्यवस्था रहेगी।

### गिरवी रखे सोना को हड़पने की शिकायत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने गिरवी रखे सोना को ज्वेलर्स द्वारा हड़पने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। ग्राम राजाकटेल निवासी हेमसागर पटेल ने बताया कि उन्होंने नवंबर 2023 में सांकरा के श्याम ज्वेलर्स के पास 5.900 ग्राम सोना 16 हजार रुपए में गिरवी रखा था। गिरवी रखते समय किसी प्रकार की रसीद उन्हें नहीं दी गई थी। दो माह बाद गिरवी रखे सोना लेने गया तो ज्वेलर्स संचालक राकेश अग्रवाल और अजय अग्रवाल ने कहा कि तुम्हारा सोना डूब चुका है, तुम्हे सोना नहीं मिलेगा। उन्होंने सोना वापस लेने ज्वेलर्स के कई चक्कर लगाए लेकिन उन्हें सोना नहीं मिला। आखिरकार पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। इस संबंध में संचालक राकेश अग्रवाल ने कहा कि सोना गिरवी रखने, ब्याज में राशि लेन-देन हेतु उनके पास शासन से साहूकारी लाइसेंस प्राप्त है, लेन-देन का पूरा काम विधिवत किया जाता है। हेमसागर पटेल ने उनके खिलाफ झूठा आरोप लगाया है।

# समाजिक बुराइयों को दूर करना हम सब की जिम्मेदारी: अरूण साव

## उपमुख्यमंत्री ने साहू छात्रावास में मंच निर्माण एवं प्रेवर ब्लॉक के लिए दिए 25 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ जिला साहू संघ के संयुक्त तत्वावधान में युवक- युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह

जिला साहू संघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को युवक युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने भक्त माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजाअर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



**ये रह उपस्थित**

इस मौके पर एडीशनल एसपी अभिषेक सिंह एसडीएम अमित गुप्ता,प्रदेश साहू समाज अध्यक्ष टहल सिंह साहू सहित समाज के अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इसके साथ ही नवनिर्मित झिरिया साहू समाज छात्रावास भवन का भी लोकार्पण किया। मुख्य मंच से साहू स्मारिका,तेली दिवस पुस्तक एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पवन साहू द्वारा तैयार कैलेंडर का विमोचन किया गया। श्री साव द्वारा साहू छात्रावास में मंच निर्माण एवं प्रेवर ब्लॉक के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा भी किए है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि साहू समाज मेहनतकश समाज है। साहू समाज के लोग ईमानदारी और मेहनत के लिए ही जाने जाते है। आज इसी के बदौलत समाज हर क्षेत्र में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। उन्होंने समाज के बारे में बताया कि ▶▶ शेष पेज 11 पर

## अपराध : लवन थाना पुलिस ने 64 सौ के नकली नोट के साथ पकड़ा, एक फरार

# ओडिशा से गांजा खरीदने छाप रहे थे नकली नोट, दो गिरफ्तार, राजधानी रायपुर से 2.26 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

लवन में नकली नोट खपाने पहुंचे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से 6400 के नकली नोट बरामद कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर राजधानी रायपुर के एक घर से 2 लाख 26 हजार के नकली नोट पुलिस ने बरामद किया है। एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है।

■ विनायक नगर भाठागांव में पुलिस ने दी दबिश

एडीशनल एसपी अभिषेक सिंग ने जानकारी दी कि लवन थाना पुलिस को शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि नगर में कुछ लोग जाली नोट लेकर आए हैं। नकली नोटों को लवन मार्केट एरिया में खपाने वाले हैं। सूचना पर लवन पुलिस द्वारा बाजार, जिला सहकारी बैंक के पीछे खंडहर में दबिश देकर दो आरोपियों को जाली नोट के साथ पकड़ा। पकड़े गए भुवन साहू उर्फ भूपेश 25 वर्ष तथा तुषाल साहू उर्फ सोनू 26 वर्ष दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 7 लवन की तलाशी लेने पर 500, 200 एवं 100 के नोट सहित कुल 6400 नकली नोट बरामद किया गया। प्रकरण में थाना लवन में धारा 178,180, 181,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किये जाने पर अपने एक अन्य आरोपी साथी के साथ मिलकर पूरी योजनाबध्द तरीके से एक रंगीन प्रिंटर मशीन खरीदना एवं प्रिंटर पेपर का उपयोग करते हुए 100, 200 एवं 500 रुपए के नकली नोट छापना बताया गया।

### 500, 200 एवं 100 रुपए के नकली नोट छाप रहे थे



### पहले से आरोपियों पर दर्ज हैं मामले

थाना प्रभारी लवन केशर पराग ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में जानकारी दी कि उनकी बड़े पैमाने पर नकली नोट छापकर ओडिशा से गांजा खरीदकर यहां पर बिजनेस करने की थी। इसके पूरी तैयारी की थी, प्रिंटर, कागज व रंग लाया गया था। नोट की पहचान न हो सके इसके लिए बीच में नकली चांदी के पट्टी भी डाली जाती थी। लवन बाजार में खपाने के दौरान दोनों नकली नोट के साथ पकड़े गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में से तुषाल पर हत्या के आरोपी को भागने का मामला दर्ज है। वहीं भुवन पर गांजा तस्करी का जुर्म दर्ज है।

### प्रिंटिंग मशीन, कागज, कलर व अन्य सामान किया बरामद

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कि वे अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर नकली नोट छापने का काम कर रहे थे। उन्होंने एक रंगीन प्रिंटर मशीन खरीदी थी, जिसकी मदद से वे नकली नोट तैयार करते थे। वे 100, 200 और 500 रुपए के नकली नोट छापकर उन्हें बाजार में खपाने का प्रयास कर रहे थे। आरोपियों ने पूछताछ में यह भी बताया कि उन्होंने नकली नोट छापने की प्रिंटर मशीन, कागज और बड़ी मात्रा में छापे गए नकली नोट रायपुर के भाठागांव स्थित विनायक नगर में अपने किराए के मकान में छिपा रखे हैं। पुलिस ने वहां से नकली नोट, 2.26 रुपए के नकली नोट, प्रिंटर मशीन, कागज और अन्य सामग्री बरामद कर लिया।

प्रकरण में दोनों के अलावा तीसरा आरोपी भी शामिल है, जो कि इन्हीं की तरह नकली नोट खपाने के लिए कहीं निकला है, जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों से पूछताछ पर यह भी पता चला कि यह लोग नोट छापने का प्रिंटिंग मशीन, प्रिंटिंग कागज पेपर एवं उसमें प्रिंट किया गया बहुत सारा नकली नोट को, विनायक नगर भाठागांव रायपुर स्थित अपने किराए के मकान में रखा गया है।

जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल उक्त मकान में दबिश देकर 2,26,000 का नकली नोट, इसे छापने में इस्तेमाल प्रिंटर मशीन एवं प्रिंटर कागज बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा संपूर्ण कार्रवाई में आरोपियों से कुल 2,32,400 रुपए का नकली नोट बरामद किया गया है। मामले में एक आरोपी फरार है, जिसकी पता तलाश की जा रही है। प्रकरण में गिरफ्तार दोनों आरोपी भुवन साहू और तुषार साहू को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# अनुपस्थित शिक्षकों पर करें कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

बिलाईगढ़ ब्लॉक में आत्मानद स्कूल पवनी का विभिन्न कार्यों का कलेक्टर धर्मेश साहू और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई करने एवं प्रयोगशाला को साफ रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आंगनबाडी केंद्र के पवनी में बच्चों की दर्ज संख्या की जानकारी के साथ स्वास्थ्य परीक्षण, आंगनबाडी की गतिविधि, बालगीत, खेलकूद, पूरक पोषण आहार के बारे मे भी जानकारी ली। उन्होंने ग्राम खजरी में सामुदायिक शौचालय के निरीक्षण के दौरान पंचायत के सरपंच और सचिव को सफाई के निर्देश दिये। कलेक्टर ने गौठान को गौशाला के रूप मे ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ कलेक्टर धर्मेश ने बिलाईगढ़ क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़ वर्षा बंसल, तहसीलदार कमलेश सिदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतीक प्रधान एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# रोप लाइट लगने से जगमग हुआ नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विगत दिनों नगर अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा व पार्षद नीतू भूषण यादव के द्वारा वार्ड क्र.10 में मुख्य मार्ग के डिवाइडर खंभे पर पार्षद निधि द्वारा तिरँगे रँग का रोप लाइट का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। वही बलौदाबाजार रायपुर मुख्य मार्ग के डीवाईड पर तीन रँगो का रोप लाईट लगने से मुख्य मार्ग जगमग हो गया। इसके लिए नगरवासियो ने नप अध्यक्ष और वार्ड पार्षद का आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर सीएमओ जितेंद्र पटेल, रज्जाक खान, अजय वर्मा, प्रेमदास बघेल, राधे वर्मा, ओम प्रकाश मिश्रा,पार्षद प्रतिनिधि ▶▶ शेष पेज 11 पर

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने सड़क और नाली निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शुक्रवार को नगर पलारी मे सड़क डामरीकरण एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के करकमलो से किया गया, गौरतलब हो कि नगर के विभिन्न वार्डों मे नगरवासियों की अति आवश्यक मांग थी कि सड़क डामरीकरण एवं वार्ड नं 12 में नाली निर्माण हो जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने मांग को पूरा करते हुए नारद गुप्ता घर से पानी टंकी तक डामरीकरण रोड का भूमि पूजन किया साथ ही वार्ड नं 12 बंटी एंटरप्राजेस से जल शुद्धिकरण संयंत्र तक नाली निर्माण शामिल हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत के सीएमओ जेबी पटेल, इंजी. अनिल वर्मा,पार्षद गण ताजेन्द्र कनौजे, टुकेश्वरी वर्मा, डॉ जाल, पार्षद प्रतिनिधि भुषण ठेठवार, नेतरंजन निर्मलकर, मुस्तफा बेग सहित नगरवासी उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय स्तर कराटे प्रतियोगिता में सीएमए के 2 खिलाड़ी करेंगे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश और पंजाब में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में 28 राज्य के खिलाड़ी भाग लेंगे ।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 5 संभाग के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में अंडर 14 में दिव्यांश यादव पंजाब के लुधियाना शहर में एवं अंडर 19 में मोहन दास मानिकपुरी मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे । दोनों खिलाड़ी निरंतर 3 वर्षों से चैंपियन मार्शल आर्ट अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसके मुख्य प्रशिक्षक जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान है । जिला करते संघ बलौदाबाजार भाटापारा के संरक्षक शिवरतन शर्मा, अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, संयोजक अरुणछाबड़ा, उपाध्यक्ष नंदू साहू, सचिव ऋषभ सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष सुनील यदु, सह सचिव संकेत शुक्ला, चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी भाटापारा के अध्यक्ष ऋषभ सिंह चौहान, उपाध्यक्ष हिमांशु ध्रुव, सचिव नेमीचंद साहू, कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे, प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, सह सचिव महेश राजपूत, धनंजय पांडे, हर्ष देवांगन, गौरव साहू, विपिन साहू, प्रतीक द्विवेदी, मनीष दास महंत, शिवम तिवारी एवं नगर पालिका कर्मचारी आनंद कुमार राठौर ने मैच में जीते के लिए शुभकामनाएं दी है।

■ महाराष्ट्र व पंजाब में आयोजित स्पर्धा में 28 राज्य के खिलाड़ी लेंगे भाग



## कलेक्टर ने छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देने किया आमंत्रित

# पीएससी टॉपर रविशंकर वर्मा ने की कलेक्टर से सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2023 के परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने ग्राम कोसमंदी निवासी टॉपर रविशंकर वर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य भेंट की। कलेक्टर श्री सोनी ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर उनकी पत्नी डॉ. अंकिता वर्मा, उनकी दीदी लखेश्वरी वर्मा एवं एक साल की उनकी बेटी गरिमा वर्मा भी उपस्थित रही। कलेक्टर श्री सोनी ने जिला प्रशासन द्वारा नवाचार कार्यक्रम हम होंगे कामयाब अंतर्गत जिले के युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन देने के लिए श्री वर्मा को आमंत्रित किया। श्री वर्मा ने भी आमंत्रण को स्वीकार करते हुए आगामी दिनों बलौदाबाजार आने में हामी भरी है। उन्होंने बताया की वे वर्तमान में कोरिया जिले रोजगार अधिकारी के रूप में पदस्थ हैं। प्रशासनिक अकादमी निमोरा में अभी 13 दिसंबर तक ट्रेनिंग चल रही है। इस दौरान उन्होंने अपने परिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया।

■ दीदी, पत्नी व पुत्री के साथ मिलने पहुंचे थे रविशंकर



### परिणाम से है संतुष्ट,पारदर्शिता से हुई है परीक्षा

कलेक्टर से चर्चा के दौरान रविशंकर वर्मा ने कहा कि इस साल हम सीजी पीएससी के परिणाम से बेहद ही संतुष्ट है,पारदर्शिता से परीक्षा हुआ है। विगत कुछ वर्षों के परिणामों से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की कही न कही छवि धूमिल होई थी जिसमें अब काफी हद तक सुधार हुई है। निश्चित ही पारदर्शिता से परिणाम जारी होने पर आज सरकार एवं सीजी पीएससी जैसे संस्थानों पुनः विश्वास बहाली हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पारदर्शिता से परीक्षा नहीं होने से युवाओं में हताशा और संस्थान के प्रति शंका उठना प्रारंभ हो जाता है जो भविष्य के लिए बेहद घातक होता है।

### ग्रामवासियों ने किया स्वागत




**पलारी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 20223 के रिजल्ट में पलारी के ग्राम कोसमँदी निवासी रविशँकर वर्मा पूरे छत्तीसगढ़ में टाप पर रहे । शनिवार को रविशँकर का गाँव के लोग ढोल नगाड़े तथा फुल मालाओ से स्वागत किया गया। नगर पंचायत पलारी मे अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने सीजीपीएससी टॉपर रविशंकर वर्मा का भव्य स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हेमंत वर्मा,अश्वनी वर्मा, बिशेशर वर्मा, युवराज चन्द्राकर, प्रवीण धुरंधर, पवन वर्मा, सभापति ताजेंद्र कनौजे, संन कुमार साहू,भोला वर्मा, योगेश वर्मा, गौतम यादव, प्रमोद देवांगन,मंतराम वर्मा,गेवेंद्र,दीपक, सुमित महराज, पतिराम सेन, लक्की कनौजे, लक्ष्मण रजक समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# बीस साल में दो बार स्वीकृति, फिर भी नहीं खुला आंबेडकर अस्पताल का झूलाघर

**अस्पताल स्टॉफ और मरीजों के छोटे बच्चों के लिए बनाई गई थी योजना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाली महिला स्टॉफ और इलाज के लिए आने वाली महिलाओं के बच्चों के लिए बनाई गई झूलाघर की योजना बीस साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के बाहर वर्ष 2004 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डा. कृष्णमूर्ति बांधी एवं वर्ष 2022 में टीएस सिंहदेव ने इस योजना को हरी झंडी दी थी। दोनों बार कुछ समय तक प्ले जोन खुला, मगर देखरेख के अभाव में बंद हो गया।

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाला पचास प्रतिशत स्टाफ महिला का है। काफी स्टाफ अपने छोटे बच्चों को लेकर अस्पताल आते हैं। बच्चों के मनोरंजन और कामकाज में होने वाले दखल को रोकने के लिए अस्पताल में प्ले जोन और झूलाघर की योजना बनाई गई थी। अस्पताल के भूतल में स्थित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के वार्ड के बाहर बनाए गए खेलघर में कई तरह के खिलौने रखे गए थे, जिसे एक सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया था। समय बीतने और खेलघर का देखरेख करने वाली आया बाई को हटाने के बाद रखरखाव के अभाव में खिलौने खराब हो गए और वहां ताला लग गया।

उसके पुनः शुरू होने के इंतजार में काफी समय बीत गया फिर वर्ष 2022 को तात्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने स्वशासी समिति की योजना में इसे मंजूरी दी। प्लेजोन बनाने के साथ वहां स्टाफ की नियुक्ति करने की घोषणा हुई। प्लेजोन फिर कुछ दिन खुलने के बाद पुनः बंद हो गया, जिस तरफ अभी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### गायब हो गए खिलौने

खेलघर में काफी संख्या में सामाजिक संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए खिलौने रखे गए थे। इनमें से कुछ खराब हो गए और बाकी गायब हो गए। अब खेलघर के नाम पर वहां उद्घाटन अवधि की पट्टिका और एलुमिनियम तथा कांच की मदद से बनाए गए कमरे तथा लगाने के बाद खाली पड़े हैं। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इसके अलग से स्टाफ की नियुक्ति किए जाने की आवश्यकता थी जिस पर ध्यान नहीं दिया गया।



### जिला अस्पताल, हेल्थ सेंटरों में चल रहे

बच्चों के मनोरंजन का ध्यान रखते हुए जिला अस्पताल के शिशु रोग विभाग के साथ खोखो पारा, भाठागांव, राजातालाब सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में प्ले जोन विकसित किया गया है। परिजनों के साथ आने वाले बच्चों उपचार अवधि के दौरान इसमें खेलने-कूदने का मजा लेते हैं। वैसे प्ले जोन की योजना उन तमाम सरकारी अस्पतालों में बनाए जाने हैं, जहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग अथवा शिशु रोग विभाग का संचालन किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में गाली गलौज, आरक्षक निलंबित

**रायपुर।** अभनपुर थाने में तैनात एक आरक्षक को एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के आदेश पर निलंबित किया गया है। आरक्षक पर शराब के नशे में लोगों के साथ गाली-गलौज करने का आरोप है। जारी आदेश के मुताबिक, आरक्षक संतोष कोसरिया को निलंबित किया गया है। आरक्षक का कृत्य रेगुलेशन के विपरीत पाए जाने पर एसएसपी ने निलंबन आदेश जारी किया है।

### गैंती गैंग के तीन और शातिर गिरफ्तार



**रायपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंती गैंग के तीन और बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चोरी का माल खपाने के आरोप में पकड़े गए हैं। गैंती गैंग से अब तक 45 लाख रुपए से ज्यादा के चोरी किए गए माल की बरामदगी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी मुंगेली तथा बिलासपुर जिले के रहने वाले हैं।

### शराब दुकान से बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने पुराना बस स्टैंड स्थित शराब दुकान से बाइक चोरी करने के आरोप में एक शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सुमित राव की शिकायत पर भाठागांव निवासी अंकित जोशी को बाइक चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया है। अंकित एक माह पूर्व 18 नवंबर को शराब दुकान के पास से बाइक चोरी कर ले गया था।

### सूने मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़ डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी 20 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, गोगांव निवासी दुर्गेश ठाकुर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर उसके घर की चारदीवारी फांदकर अंदर घुसा और मेन गेट का ताला तोड़ आलमारी का लॉकर तोड़ सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गया।

### चोरी करते पकड़ा गया तो दंपति को ही पीट दिया

**रायपुर।** टिकरापारा में एक व्यक्ति ने एक चोर के खिलाफ चोरी करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बृजनगर निवासी महेसर अली ने सोनू कांचा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेसर ने पुलिस को बताया कि शनिवार तड़के उसे अपने कमरे से खट-खट की आवाज आई तो उसकी नींद खुल गया। इस दौरान कमरे में मौजूद सोनू चोरी करने की नीयत से आलमारी का लॉकर तोड़ने की कोशिश कर रहा था। पकड़े जाने पर सोनू ने महेसर तथा उनकी पत्नी के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गया।


## एसी कोच में आरएसी यात्रियों को कंप्लीट बेडरोल देने के निर्देश का नहीं हो रहा पालन

# एसी बोगी के आरएसी यात्री ठिठुर रहे, न कंबल मिल रहा और न तकिया, केवल चादर की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे बोर्ड ने बीते साल आरएसी यात्रियों को भी चादर, कंबल और तकिया देने का आदेश और निर्देश सभी जोन को दिया था, लेकिन इसके बाद भी एसी कोच में यात्रियों को सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। पहले की तरह दो चादरें ही दी जा रही हैं। घर से कंबल लेकर सफर करना पड़ रहा है।

कंबल नहीं होने की स्थिति में ठंड में ठिठुरते हुए सफर करना यात्रियों की मजबूरी है। रेलवे का दावा है कि अंटेडर को आरएसी यात्रियों को कंप्लीट बेडरोल दिए जाने का निर्देश दिया जा चुका है, लेकिन हकीकत में अब भी रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों के एसी कोच के अंटेडर को रेलवे के नए नियमों को जानकारी नहीं है। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला आरएसी यात्रियों को पहले की तरह ही केवल चादर ही दी जा रही है। अब भी कंबल और तकिया नहीं मिल रहा है।



### कंबल की कमी इसलिए असुविधा

आरसी यात्रियों को कंबल की कमी बताई जा रही है। इसीलिए ज्यादातर घर से लाए हुए कंबल का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। अंबिकापुर से से रायपुर पहुंचे यात्री अविनाश मिश्रा ने बताया कि अंटेडर ने केवल सीट पर बिछाने और ओढ़ने के लिए दो चादरें ही दी थीं। नए नियम के अनुसार तकिया और कंबल मिला ही नहीं। ट्रेन में अन्य आरएसी यात्रियों को भी यह सुविधा नहीं मिली। दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे जमील खान ने बताया कि मांगे जाने के बाद भी कंप्लीट बेडरोल नहीं मिला। ट्रेन में अटेंडर ने पहले आदेश की जानकारी नहीं होने की बात कही, फिर बाद में कंबल की व्यवस्था करते हैं कहा।

### केवल चादर ही मिल रही

ट्रेनों में अंटेडर का कहना है कि उन्हें ठेकेदार से कोई निर्देश नहीं मिला है। यात्रियों का दावा है कि नए नियम के बारे में बताए जाने के बाद भी केवल चादर ही दी गई। इस तरह की समस्या अमरकंटक, दुर्ग-अंबिकापुर समेत दुर्ग-कानपुर की ट्रेनों को देखने को मिली है। कुछ यात्रियों ने इसकी शिकायत भी डीआरएम और रेलवे बोर्ड से करने की भी की है।

बता दें कि बिलासपुर रेलमंडल के कोचिंग डिपो में दो बड़ी लॉन्ड्री हैं। यहां से चादर, कंबल, पिलो कवर की प्रतिदिन सफाई होती है। इसके बाद ट्रेन में पहुंचाए जाते हैं। रेल यात्रियों की यह बेहद जरूरी सुविधा है, जिसकी मांग यात्री ट्रेन छूटने के बाद करने लगते हैं।

### ठंड में ठिठुर रहे नींद भी नहीं आती

आरएसी यात्रियों को पूरी तरह से बेडरोल नहीं मिलने से रात और सुबह के समय ठंड में ठिठुरते हुए सफर करना पड़ रहा है। कई यात्रियों को अब भी नए नियमों को जानकारी नहीं है, इसलिए विरोध भी नहीं कर रहे हैं। टीटीई से शिकायत करने के बावजूद भी यात्रियों को पूरा बेडरोल नहीं दिया जा रहा है। थर्ड एसी में ज्यादा दिक्कत है। बता दें कि रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक शैलेंद्र सिंह ने यह सुविधा प्रारंभ करने के लिए 2023 में 18 दिसंबर को जोनल रेलवे महाप्रबंधकों को पत्र भेजा था। इसमें कहा गया है कि एसी श्रेणी में आरएसी यात्रियों को भी आरक्षित सीट वाले यात्रियों की तरह ही पूरी बेडरोल किट दी जाए।

# टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के नए मरीज खोजने का निक्षय निरामय अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगले सौ दिन तक टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने प्रदेश में निक्षय निरायम अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस योजना की शुरुआत की। इस दौरान टीबी मरीजों की निक्षय पोषण राशि को दोगुना करते हुए एक हजार रुपए उनके खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया। एम्स आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने योजना की शुरुआत रिमोट का बटन दबाकर किया। योजना में राज्य के वृद्धजनों का स्वास्थ्य जांच और उपचार शामिल है। अभियान के दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा चिन्हाकित किये गए जोखिम समूहों की स्पॉट स्क्रीनिंग संदेहास्पद मरीजों का पता लगाया जाएगा। एआई तकनीक से हैंड हेल्ड एक्स रे, सीवाय-टीबी जांच व 16 चैनल वाले ट्रूनाट मशीन से टीबी के संभावित मरीजों की एक्स रे द्वारा जांच एवं उपचार किया जाएगा।

- मरीजों की पहचान कर उपलब्ध कराई जाएगी उपचार की सुविधा

### विकसित छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान : साय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विकसित भारत के साथ ही साल 2047 तक छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य को पूरा में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान होगा। 13 दिसंबर को हमारी सरकार के कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा हो रहा है, हमने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियों से मुक्ति दिलाने के लक्ष्य को हासिल करने में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# धान खरीदी में अव्यवस्था, 10 को कांग्रेस का प्रदेशव्यापी धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, किसानों को हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध में कांग्रेस पार्टी 10 दिसंबर को प्रदेश के सभी ब्लॉकों में धरना प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया। अभियान में सभी नेता, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में गये। उन्होंने कहा, प्रदेश के धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। सरकार की कोशिश है, कम से कम धान खरीदी की जाये।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, दीपक बैज, रविन्द्र चौबे ने बताया कि खरीदी केंद्रों में कांग्रेस नेताओं ने देखा कि बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा।

50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग खरीदी में किया जाना था। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि आनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि धान बेचने के बाद किसानों के खाते में 72 घंटे में पैसा आयेगा, लेकिन रकम हफ्तों तक नहीं आई, जो रकम आ रही है वह एकमुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रुपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है। सोसाइटी से धान संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा है, जबकि यह सीधे मिलरों के पास जाना चाहिये। इस कारण सोसाइटी में संग्रहण केंद्रों के बीच परिवहन की लागत अतिरिक्त आ रही है। लेबर चार्ज बढ़ गया, इसमें भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पिछले वर्ष का सुखत का पैसा सोसायटियों को अभी तक नहीं दिया गया।

पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा, अभी 23-24 दिन धान खरीदी शुरू हुई है। सरकार की सांसें क्यों फूलने लगी हैं? 160 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा है और 40 लाख करोड़ की राशि किसानों को देना है। 1 तिहाई समय निकल गया है और 6600 करोड़ रुपए की धान खरीदी हुई है। इसी गति से धान खरीदी होती रही, तो 160 लाख मीट्रिक टन कैसे खरीदेगी, सबसे बड़ा प्रश्न चिन्ह है?

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा ने कहा, धान खरीदने के बाद दोबारा धान की तौलाई करते है, तो तौल में ज्यादा धान लेने की शिकायत आई है।

लिफ्टिंग तुरंत होना चाहिये। राइस मिलर्स को संग्रहण केंद्र में क्वालिटी का चयन करने में परेशानी होगी। ये जो बाते हैं गंभीरता से सरकार को करना चाहिये।





### 15 दिन बढ़ाई जाए खरीदी की तिथि- धनेंद्र

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा, धान खरीदी में टोकन की व्यवस्था पर कांग्रेस पार्टी ने लगातार आवाज उठाने के बाद सरकार ने 60-40 प्रतिशत आदेश दिया है। ऐप में देखा कि 15 जनवरी तक टोकन 60 प्रतिशत तक भरा हुआ है, जबकि 31 जनवरी आखिरी तारीख है। बड़े किसान और मध्यम किसान धान नहीं बेच पाये हैं। प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाये। टोकन व्यवस्था को ठीक किया जाये। धान खरीदी की तारीख 15 दिन बढ़ायी जाये, तब सभी किसान धान बेच पायेंगे।

### शिवरतन शर्मा बोले- भ्रम फैलाने ही कांग्रेसी धान खरीदी केंद्रों में घूम रहे

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, अपनी लगातार हार से बौखलाई कांग्रेस हर मुद्दे पर मुंह की खाने के बाद अब धान खरीदी पर झूठ फैलाने में लगी है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा आंदोलन करने की घोषणा को कांग्रेस की बौखलाहट का परिचायक बताते हुए कहा, धान खरीदी को लेकर कांग्रेस के नेता जिस तरह अनर्गल प्रलाप करके धान खरीदी की समूची प्रक्रिया के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर प्रदेश को गुमराह करने में लगे हैं, वह कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र ही है। सिर्फ भ्रम फैलाने के लिए ही कांग्रेस के लोग समितियों के धान खरीदी केंद्रों में घूम रहे हैं। कांग्रेस का यह झूठ कभी परवान नहीं चढ़ पाएगा। श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस के तीन-तीन पूर्व मंत्री टोकन नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं। यह कांग्रेस का एक और नया झूठ है। हम यह आंकड़ा पेश कर सकते हैं कि धान खरीदी से कितने कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री लाभान्वित हुए हैं, किन-किन कांग्रेस नेताओं ने कितना-कितना धान बेचा है और उसका कितना भुगतान उनके खातों में जमा हुआ है। श्री शर्मा ने कहा, यह बेहद आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस सरकार के अनेक पूर्व मंत्री तक यह स्वीकार कर रहे हैं कि पहले कुछ दिक्कत थी अब दिक्कत नहीं है। तब कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों की टोकन नहीं मिलने की बात हास्यास्पद और सफेद झूठ साबित हो रही है।

# सफारी में व्हाइट टाइगर के तीन शावक दो माह बाद करेंगे धमाचौकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर कानन पेंडारी जू से जंगल सफारी लाए गए भाई-बहन जया तथा देवा नाम के व्हाइट टाइगर का एकाकीपन दूर करने सफारी प्रबंधन ने व्यवस्था की है। सफारी प्रबंधन ने पांच माह पूर्व जया नामक व्हाइट टाइग्रेस को मैत्री बाग जू शिफ्ट करने के साथ ही उसके स्थान पर रक्षा नामक व्हाइट टाइग्रेस के साथ अदला-बदली की। भाई-बहन का एकाकीपन दूर होने के बाद जंगल सफारी में एक माह पूर्व देवा तथा रक्षा के मिलन से सफारी में व्हाइट टाइगर का कुनबा बढ़कर दो से पांच पहुंच गया। रक्षा ने एक माह पूर्व तीन व्हाइट टाइगर को जन्म दिया है। तीनों पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर के मुताबिक तीनों शावकों को वन्यजीव चिकित्सकों की निगरानी में आइसूलेशन वार्ड में रखा गया है। शावकों के पास किसी को जाने की अनुमति नहीं है। शावकों के साथ उसकी मां को किसी भी तरह के संक्रमण से बचाए रखने पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

- शावकों की धमाचौकड़ी देखने विजिटर को करना पड़ेगा इंतजार
- सफारी में रह रहे देवा के लिए मैत्री बाग जू से दुल्हन की व्यवस्था होने के बाद कुनबा बढ़ा



### दो माह बाद विजिटर धमाचौकड़ी देख सकते हैं

सफारी में व्हाइट टाइगर के शावकों की धमाचौकड़ी देखने सफारी में आने वाले विजिटर को इंतजार करना होगा। विजिटर शावकों की धमाचौकड़ी दो माह बाद देख सकेंगे। शावकों की उम्र महज एक माह है, इसलिए शावकों को अभी खुले में नहीं छोड़ा जा सकता। शावक अपनी मां के पास पर्याप्त समय तक रह सकें, इसके लिए रक्षा को भी खुले में नहीं छोड़ा जा रहा।

### प्रबंधन का दावा -ठंड से बचाने उपाय किए गए

सफारी प्रबंधन के मुताबिक शावकों के किसी तरह से संक्रमण के साथ ठंड से बचाने उपाए किए गए हैं। जिस जगह शावकों के साथ उनकी मां को रखा गया है, वहां किसी को जाने की अनुमति नही है। इसकी वजह शावकों को इंसानों के माध्यम से किसी तरह के संक्रमण फैलने से बचाना है। साथ ही इंसानी आहट से शावक तथा उनकी मां को किसी भी तरह से स्ट्रेस से बचाना है।

### व्हाइट टाइगर की संख्या 16 पहुंची

सफारी में रक्षा नामक व्हाइट टाइगर द्वारा तीन शावकों के जन्म देने के बाद प्रदेश के मैत्रीबाग, कानन पेंडारी तथा जंगल सफारी जू में सफेद बाघ की संख्या 13 से बढ़कर 16 हो गई है। वर्तमान में जंगल सफारी में व्हाइट टाइगर की संख्या दो से बढ़कर पांच, मैत्रीबाग में आठ तथा कानन पेंडारी जू में व्हाइट टाइगर की संख्या तीन है।

स्वास्थ्य मंत्री के निवास पर हुई बैठक, फिर मुख्यमंत्री से मुलाकात

# मुख्यमंत्री ने मिलर्स को दिया आश्वासन उनकी मांगें अगले कैबिनेट में रखी जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के मिलर्स की समस्याओं के समाधान को लेकर आश्वासन दिया है कि अगली कैबिनेट की बैठक में इसे रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सभी जिलों के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री निवास में उनसे मुलाकात की। प्रदेशभर के मिलर्स ने कस्टम मिलिंग कार्य करने सहमति दी है, इसके बाद सभी जिलों में सीएमआर कार्य आरंभ हो गया है।

- अनुबंध की शर्तों में संशोधन पर भी बनी सहमति



पिछले दिनों मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद मांगें पूरी न होने पर प्रदेशभर के राइस मिलर्स पंजीयन से लेकर अनुबंध का कार्य न कर धान का उठाव नहीं कर रहे थे। धान का उठाव नहीं होने से सोसाइटी में अव्यवस्था और किसानों को परेशानी हो रही थी। समाधान के लिए अनेक स्तर पर शासन और प्रदेश मिलर्स एसोसिएशन के बीच चर्चा हुई। प्रोत्साहन राशि, मिलर्स का बकाया भुगतान, परिवहन व्यय इत्यादि को लेकर गतिरोध बना हुआ था, जिसके बाद प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निवास पर मुख्यमत्री के निर्देश पर प्रदेश एसोसिएशन के साथ बैठक हुई। इसमें मिलर्स की सभी प्रमुख मांगों के साथ अनुबंध की विभिन्न कंडिकाओं में संशोधन पर सहमति बनी। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के साथ सभी पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री से मुलाकात करायी। इसमें मुख्यमंत्री ने मिलर्स को दिए आश्वासन को अगले कैबिनेट में पूरा करने ठोस आश्वासन दिया।

### अनुबंध कर करेंगे धान उठाव : योगेश

एसोसिएशन के राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा, मिलर्स तुरंत अनुबंध कर धान का उठाव करेंगे। किसानों को किसी तरह की समस्या नहीं होगी। उन्होंने अपने मिलर्स साथियों से तत्काल सीएमआर कार्य करने अपील जारी की है। अन्य समस्याओं के लिए मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा के साथ भी बैठक हुई, जिसमें अनुबंध के विभिन्न प्रावधान में संशोधन को लेकर सहमति बनी।

# साइंस कॉलेज यूथ हब तोड़ने के विरोध में उतरे पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज यूथ हब को तोड़ने को लेकर शनिवार को पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने दुकानदारों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए बीजेपी सरकार पर रोजगार छीनने आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, साइंस कॉलेज यूथ हब 8 से 9 करोड़ की लागत से बनी स्मार्ट सिटी की योजना थी, जिसको इम्प्लीमेंट सरकार के अधिकारियों ने किया। इसमें किसी भी प्रकार का विवाद नहीं, बल्कि जो रायपुर पश्चिम के विधायक हैं, उनकी एक जिद और हठधर्मिता के कारण वो उसे उजाड़ने का काम उसे तोड़ने का काम बखूबी करते हैं। उन्होंने कहा, लगभग साल-डेढ़ साल से इस यूथ हब में स्टालों का संचालन हो रहा है, जबकि इसको लेकर विधायक राजेश मूणत द्वारा पूर्व में अफवाह फैलाई गई कि इसके खुलने से अपराध को बढ़ावा मिलेगा, नशे के कारोबार बढ़ेंगे, चाकूबाजी और हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं होंगी। यूथ हब के प्रारंभ से लेकर अब तक उस जगह पर किसी भी प्रकार का अपराध नहीं हुआ है। वहीं वर्तमान में लोगों को वहां रोजगार मिल गया है, तो बीजेपी को तकलीफ हो रही है।



# 23 हजार से ज्यादा बूथ में भाजपा की कमेटियां बनीं, अब 15 तक होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

## अब तक एक भी बूथ 50 से कम सदस्य वाला सामने नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव चल रहा है। अब मंडलों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। करीब 25 हजार बूथों में बूथ कमेटियां बनानी हैं, इसमें से 23 हजार दो सौ बूथों में कमेटियां बन गई हैं। अब तक एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है, जहां पर 50 से कम सदस्य होने के कारण एडहॉक कमेटी बनाने की जरूरत पड़ी हो। वैसे सभी बूथों में चुनाव हो गए हैं, कुछ जिलों से अब तक रिपोर्ट नहीं आई है।

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अगले साल जनवरी में होना है। इसके पहले देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव हो रहे हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 20 नवंबर से बूथ कमेटियों का चुनाव प्रारंभ किया गया। यह चुनाव वैसे तो 30 नवंबर तक समाप्त हो जाना था, लेकिन तय समय तक 15 हजार बूथों में ही चुनाव हो सका था, ऐसे में प्रदेश संगठन ने समय सीमा को पांच दिसंबर तक बढ़ाया। तय समय में लगभग बूथों में कमेटियां बन गई हैं। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक अब तक 23 हजार दो सौ बूथों में कमेटियों के बनने की जानकारी आ चुकी है। बाकी स्थानों से जानकारी आनी अभी बाकी है। जिन बूथों में भाजपा के 50 सदस्य नहीं बने होंगे, वहां पर एडहॉक कमेटी बनाएंगे। इसके बाद यह कमेटी प्रयास करेगी कि वहां पर सदस्य संख्या 50 हो जाए। 50 सदस्य बनने के बाद वहां पर एडहॉक कमेटी के स्थान पर बूथ कमेटी बना देंगे। अब तक रिपोर्ट में एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है जहां पर एडहॉक कमेटी बनाने की जरूर पड़ी हो।




### 15 तक बन जाएंगे सभी मंडलों में अध्यक्ष

भाजपा के 405 मंडलों के चुनाव के लिए 1 से 15 दिसंबर का समय तय किया गया है। एक दिसंबर को प्रदेश संगठन की बैठक के कारण मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी। प्रदेश संगठन की बैठक में तय किया गया पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला होगी। ऐसे में दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला के बाद अब तीन दिसंबर से मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे। जो भी दावेदार सामने आएंगे, उनसे पर्यवेक्षक और जिलों के पदाधिकारी बात करके सर्वसम्मति से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। जहां पर सर्वसम्मति नहीं बन पाएगी, वहां पर मतदान से चुनाव होगा। किसी भी हाल में मंडल अध्यक्ष 45 साल से ज्यादा का नहीं होगा। कार्यकारिणी में जरूर 45 साल से ज्यादा के पदाधिकारी चल जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### एसीआई के डॉ. श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान

**रायपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) डॉ. स्मित श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान मिला है। यह सम्मान प्राप्त करने वाले राज्य के पहले कार्डियोलॉजिस्ट बने हैं डॉ. श्रीवास्तव। उन्हें लखनऊ में राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के फैलो का सम्मान देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों मिला। देशभर से मात्र 15 कार्डियोलॉजिस्ट इस सम्मान के लिए चयनित किए गए हैं।

### पंजाब केसरी रोड पर होगा नई नाली का निर्माण

**रायपुर।** साईंनगर जोरा की जनता को पंजाब केसरी रोड पर नई नाली निर्माण के लिए 75 लाख रुपए से भी ऊपर की धनराशि की सौगात मिलेगी। विगत वर्षों का इंतजार समाप्त होता देखकर साईंनगर, प्रोफेसर कॉलोनी और जोरा की जनता में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। यह राशि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन और क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा, धरसींवा विधानसभा से डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष, साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर के संयुक्त प्रयासों से नई नाली निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा 75 लाख रुपयों से भी ऊपर का प्राक्कलन तैयार करके प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बाबत शासन की ओर बढ़ा दिया गया है।

### विकासखंड स्रोत समन्वयक सिन्हा ने पटेवा के स्कूलों का निरीक्षण किया

**महासमुंद।** शनिवार को संकुल केंद्र पटेवा के विभिन्न शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक महासमुंद जागेश्वर सिन्हा ने किया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रामसागरपारा में निरीक्षण में सभी शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों द्वारा बच्चों को योग कराया जा रहा था। रामसागर पारा की निर्माणाधीन माध्य. शाला भवन जो लगभग डेढ़ वर्ष से अपूर्ण है को जल्द पूर्ण कराने का आश्वासन बीआरसी ने दिया। प्राथमिक शाला खैरवारडेरा में बच्चों के बौद्धिक स्तर को जाना एवं उनके उनके जवाब से प्रसन्नता जाहिर की। प्राथमिक शाला भावा में गीत, कहानी एवं कविता की कक्षाएं लगी थी उनके द्वारा बच्चों के प्रदर्शन को सराहा। माध्यमिक शाला नवागांव में उनके द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ नैतिकता, बड़े, बुजुर्गो का सम्मान एवं स्वच्छता के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बीआरसी द्वारा सभी शालाओं में मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता, जाति प्रमाण पत्र प्रोग्रेस, अपारआईडी एवं स्कूल स्वच्छता संबंधी जानकारी ली गई। उनके द्वारा प्रत्येक स्कूल में एफएलएन संबंधित कार्य की प्रशंसा की गई। संकुल केंद्र पटेवा में संचालित निशुल्क प्रयास एवं नवोदय प्रवेश की कक्षा को साराहा गया। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक राजू देवांगन तथा शाला के शिक्षक अरुण कुमार साहू, मेमन कुमार चंद्राकर उपस्थित रहे।

# खंडहर हो रहे धनसुली के अटल आवास में रहने की मजबूरी, जरूरी सुविधा भी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धनसुली गांव में तीन सौ परिवारों को स्वतंत्र अटल आवास बनाकर देने के बाद हाउसिंग बोर्ड भूल गया है। कॉलोनी में जिन लोगों ने मकान रहने के लिए खरीदा, उन्हें खंडहर होता देखकर किराए पर दे दिया है। इससे वहां की सुरक्षा भी भगवान भरोसे है। आसपास खाली जमीन भी अवैध कब्जे की भेंट चढ़ने लगी है। सालभर में चार बार शिकायत करने पर भी सिर्फ सर्वे किया गया है।

- हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी में लोग सुविधा को तरसे, सुधार के नाम पर सिर्फ सर्वे

विधानसभा के पास धनसुली गांव में 300 अटल आवास रख-रखाव के अभाव में खंडहर होने लगे हैं। इसका निर्माण गरीबों को आशियाना और सुविधा देने के लिए किया गया। इसे बनवाने के बाद अधिकारी भूल गए हैं। हाउसिंग बोर्ड ने वर्ष 2008 में कॉलोनी को बनवाया था। इसे 2010 में एक लाख 10 हजार में लोगों को बेचा गया। लोगों से पैसा लेने के बाद जिम्मेदार कॉलोनी की सुध नहीं ले रहे हैं। इससे अटल आवास में प्रापर पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई, पानी निकासी के लिए सीवरेज लाइन की सुविधा भी नहीं मिल रही है। इसके कारण जो लोग कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं, उन्हें दो कमरे, रसोई, शौचालय और स्नान गृह दिया है, लेकिन पानी निकासी, पेयजल की सुविधा नियमित नहीं होने से आए दिन परेशानी होती है।




### आस-पास होने लगा है कब्जा

अटल आवास में रहने वाले लोगों ने बताया कि चार बार सुविधा देने मांग की गई। इसके बाद सर्वे किया और फिर अधिकारी सुध लेने नहीं आए। नतीजा यह है कि आस-पास में खाली जमीन पर कुछ लोगों ने झोपड़ी बनाकर रहना शुरू कर दिया है। रात में स्ट्रीट लाइट का अभाव होने का फायदा उठाते हुए वे आए दिन चोरी, मारपीट की घटना करते हैं। किसी प्रकार से अव्यवस्था में सुधार नहीं होने से अब लोगों ने भी मकान किराए पर देकर दूसरी जगह रहना शुरू कर दिया है, इससे समस्या का सुधार भी नहीं हो रहा है।

### सुविधा ही नहीं टैक्स भी अटका

सूत्रों ने बताया कि अटल आवास को जिन लोगों ने खरीदा है, उनसे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल पानी और मेंटेनेंस टैक्स लेता है। दर्जनों परिवार कॉलोनी में ऐसे हैं, जिनके द्वारा सुविधा शुल्क जमा नहीं किया जाता। इससे लोगों पर ब्याज समेत 25 से 30 हजार का टैक्स बकाया है। ऐसे लोग मकान नहीं बेच पा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए हाउसिंग बोर्ड एनओसी नहीं दे रहा है। इससे लोग वहां फैली हुई अव्यवस्था से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। फंसे हुए लोग भी टैक्स और बकाया ब्याज चुकाने से नहीं उबर पाए हैं।



**जो समस्या है उन्हें संज्ञान में लेंगे**

वहां के लोगों से जुड़ी जो समस्याएं बता रहे हैं, उनके सुधार की प्रक्रिया शुरू की गई है। अगर आसपास कब्जे की स्थिति है, तो उसे भी संज्ञान में लिया जाएगा। *- पुरुषोत्तम साहू, ईई, हाउसिंग बोर्ड डिवीजन-2, रायपुर*

# मूणत ने 3 और वार्डों को दी 1 करोड़ के कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड में 20 लाख रुपए से आंगनबाड़ी भवन का काम शुरू करवाया। इससे पहले उन्होंने पांच सामुदायिक भवनों की मरम्मत तथा विस्तार के लिए पांच-पांच लाख के हिसाब से 25 लाख रुपए का फंड न सिर्फ मंजूर करवाया, बल्कि इनका काम शुरू करवा दिया। ये सामुदायिक भवन डबरीपारा, वासुदेव पारा, भीम नगर में है। इनके साथ ठाकुर देव भवन के नया निर्माण तथा शीतला हनुमान सामुदायिक भवन की मरम्मत का काम भी उन्होंने शुरू करवाया है।

श्री मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड की बड़ी जरूरत पूरी करते हुए मध्यम आकार की तीन पुलिया का काम शुरू करवाया, जिससे वार्ड की बड़ी आबादी को सुविधा मिलेगी। ये पुलिया अग्रोहा कालोनी के पास, साईं मंदिर क्षेत्र और विप्र नगर में थोड़ी-थोड़ी दूरी वाली कंक्रीट रोड के साथ बनाई जाएंगी। श्री मूणत ने इस वार्ड में पुलिया के साथ सीसी रोड और सामुदायिक भवन की मरम्मत के लिए कुल मिलाकर 51 लाख रुपए के काम शुरू करवाए हैं। उन्होंने कहा, सारे काम निर्धारित समय पर पूरे होंगे और क्वालिटी से किसी तरह का समझौता नहीं होगा, इसके निर्देश निगम अफसरों को दे दिए गए हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी वार्डों के लोगों से अपील की कि जनसुविधा से जुड़ी कोई भी जरूरत वे सीधे आकर बता सकते हैं। प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों का एस्टीमेट बनवाकर फंड की व्यवस्था की जाएगी और काम तुरंत शुरू कर दिया जाएगा।

- जनसुविधा से जुड़ी कोई भी जरूरत वे सीधे आकर बता सकते हैं : मूणत

# स्थानांतरण पर व्याख्याता फणींद्र पटेल को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय गनियारी में पदस्थ व्याख्याता फणींद्र भूषण पटेल का अन्यत्र स्थानांतरण होने पर उनके सम्मान पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में फणींद्र भूषण पटेल एवं अध्यक्षता श्रीमती के एल टोप्पो प्राचार्य तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच श्रीमती मेनुका महेश साहू शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्यामलाल साहू उपस्थित थे।

- प्राचार्य ने उत्कृष्ट एवं सहयोगात्मक कार्यों के लिए प्रशंसा की

इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा श्री पटेल के सरल सुलझे व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सरपंच द्वारा उनके आने वाले उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए गनियारी विद्यालय में किए गए उत्कृष्ट एवं सहयोगात्मक कार्यों के लिए उनकी प्रशंसा की गई। विदाई कार्यक्रम में ग्रामवासी, विद्यार्थी सहित अन्य भावविभोर हो गए। कार्यक्रम का समापन संदीप साहू द्वारा आभार व्यक्त कर किया गया।



**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में बिहारी लाल साहू,खूबी राम वर्मा, आनंद दाऊ, प्रहलाद यादव , धनेंद्र सिंह वर्मा ,सेवानिवृत शिक्षक टीएस नायक, बीके नायक,आर के नायक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सेक्सटार्सन का भय दिखाकर लूट, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से अपने झांसा में लेकर सेक्सटार्सन का भय दिखाकर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने दो महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक फर्जी पुलिस भी शामिल है। बदमाशों ने एक मोबाइल कंपनी में काम करने वाले कर्मी को वाई-फाई लगाने का झांसा देकर आठ हजार रुपए की लूट की थी।

पुलिस के मुताबिक राघव मिश्रा सहित अन्य से लूट करने के आरोप में आमानाका निवासी प्रदीप सिंग बोपाराय, कबीर नगर मीडिया सिटी निवासी यश प्रजापति, कोटा निवासी मदन सोना, कबीर नगर निवासी खुशबू तिवारी, आमानाका डुमरतलाब निवासी अन्नू अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रदीप सिंग के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है।



### आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ लूट

पुलिस के मुताबिक सेक्सटार्सन के आरोप में गिरफ्तार गिरोह ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को झांसा देकर सूनसान जगह पर बुलाकर लूट की है। लोक लाज के भय से लोग थाने में शिकायत करने से बचते थे। इसका फायदा उठाकर बदमाश लोगों के साथ ऑनलाइन लूट की घटना को अंजाम देते थे।

# फिर हो सकती है बारिश शीतलहर भी संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश का मौसम एक बार फिर बदल रहा है। जिसका प्रभाव शनिवार सुबह से नजर आ रहा है। पिछले दो दिनों से बादल छाए हैं और ठंडी हवाएं चल रही है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि जिले में कहीं-कहीं फिर से बूंदाबांदी व बारिश हो सकती है जिससे शीतलहर चलने की संभावना है। बता दें कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार रविवार से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। उत्तर दिशाओं से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट की संभावना है। इसके अलावा 10 दिसंबर के बीच बारिश के भी आसार बताए जा रहे हैं। मालूम हो कि जिले में चक्रवात फेंगल के कारण जिले में कहीं-कहीं बूंदाबांदी तो कहीं तेज बारिश हुई। चक्रवात का असर पूरी तरह से खत्म होने के बाद लग रहा था कि ठंड बढ़ेगी पर तापमान 5 डिग्री बढ़ गया था। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से अभी भी नमी आ रही है।



**वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों का सम्मान आज: धमतरी।** भोथली भाजपा मंडल के महामंत्री प्रीतम साहू के जन्म दिवस पर 9 दिसंबर सोमवार को वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों का सम्मान कार्यक्रम निज निवास में दोपहर 12 से 3 बजे तक रखा गया है।

## पेज 9 के शेष

### समाजिक बुराइयों को ...

हमारे लोग सूखी रोटी और चटनी खा लेंगे पर कभी दूसरी के थाली छीनने का काम नहीं करता है। यही हमारे पूर्वजों ने हमें सिखाया है। आज इस ईमानदारी और मेहनत की विशेषता को बनाएं रखना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संस्कृति को सहेजे हुए आधुनिकता की ओर समाज आगे की ओर ले जाना है। इसके लिए समाज में मौजूदा बुराइयों एवं प्रथाओं को दूर करते हुए हम सब को शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। शिक्षित समाज से ही एक सशक्त राज्य और राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि युवक युवती परिचय सम्मलेन साहू समाज की एक प्रशंसनीय पहल है। कार्यक्रम को भाटापारा विधायक इंद्र साव एवं कसडोल विधायक संदीप साहू ने भी संबोधित किया। इसके साथ ही मुख्य मंच से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का शॉल,श्री फल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### अनुपस्थित शिक्षकों पर...

परिवर्तित करने प्रस्ताव मंगाया। ग्राम पंचायत बांसउरकुली में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास का निरीक्षण किये तथा महिला स्वसहायता समूह की गतिविधियों को देखते हुऐ उनको प्रेरित भी किया। दौरे में कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारी को समझाइश दी कि शासन के किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### रोप लाइट लगने से ...

भूषण ठेठवार, शैलेंद्र वर्मा, सुमित तिवारी, लाल वर्मा, विनोद वर्मा, दीपक वर्मा, संतोष मिश्रा, संतोष यादव, महंत अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, नागेश धीवर, माधव अग्रवाल, प्रदीप यादव, मुस्तफा बेग, चंदन वर्मा आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल, मोहरेंगा, तहसील खरोरा जिला रायपुर छत्तीसगढ़**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 06.12.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री निखिल कुमार अग्रवाल पिता अरूण कुमार अग्रवाल निवासी पल्थलगांव जिला रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम छडिया पटवारी हल्का नंबर 30 राजस्व निरीक्षक मण्डल मोहरेंगा तहसील खरोरा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1065 एवं अन्य 25 (तहसील का ज्ञापन संलग्न विस्तृत खसरा) रकबा क्रमशः ..... योग रकबा 7.188 हेक्टेयर भूमि का श्रीमान तहसीलदार खरोरा के आदेश दिनांक 29.11.2024 के परिपालन में दिनांक 13.12.2024 का समय 12:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा सीमांकन किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उल्लेखित तिथि को या पूर्व नियत समय तक हल्का पटवारी के कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वयं या अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक मंडल पटवारी मोहरेंगा, तहसील खरोरा**










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में बाइक में दो लोग घायल

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह के पास बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। पुलिस को उदयचंद साहू निवासी चुरूपाली तेंदूकोना निवासी ने बताया कि 7 दिसंबर को दोपहर करीब 1 बजे वह साराडीह से बाइक में सवार होकर कुशल साहू और भुनेश्वरी साहू के साथ अपने घर ग्राम चुरूपाली जाने के लिए निकला था। बाइक को कुशल साहू चला रहा था। करीब 2.30 बजे साराडीह मोड के पास महासमुंद की ओर से आ रही मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजी 2983 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से प्रार्थी एवं कुशल साहू को चोटें आई। मामले में रिपोर्ट पर महासमुंद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### गायत्री दीप यज्ञ कर बच्चों को लोवर, टी शर्ट वितरण



**सरायपाली।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होकर कन्या आश्रम के बच्चों व स्टाफ के साथ गायत्री दीप यज्ञ आयोजन किया गया।विकास खंड के शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम बैदपाली में अध्यनरत पहली से पांचवी के बच्चों के साथ गायत्री दीप महायज्ञ कर कोसरिया के निज सहायक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर का जन्मदिन मनाया गया साथ ही बच्चों को लोवर और टी शर्ट वितरण किया गया। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होना मेंरे लिए सौभाग्य का विषय है।

### शरीर को तंदुरुस्त रखने बच्चों ने किए योगासन



**सरायपाली।** शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लंबर में बैगलेश डे पर योग व्यायाम के साथ पीटी कराया गया। वहीं करें योग रहें निरोग की थीम को लेकर स्काउटर गिरीश कुमार पाढ़ी द्वारा अपने स्कूल के बच्चों को योग कराया गया। जिसमे शारीरिक सुरक्षा के साथ साथ शरीर को तंदुरुस्त रखने विभिन्न प्रकार के आसन जैसे ताड़ासन, गरुड़ासन, भुजंगासन, पद्मासन, हस्तपादासन के साथ सूर्य नमस्कार करना सिखाया गया। स्काउटिंग विधा के अंतर्गत बीपी सिक्स व्यायाम ड्रील मार्च पास्ट के साथ में पीटी कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक समारूलाल चौहान प्रभारी प्रधान पाठक, निलेश चौरसिया, चित्रा पटेल सहयोगी के रुप मे उपस्थित रहे। शाला के मीडिया प्रभारी शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी ने उक्त जानकारी दी।

### पर्यावरण समिति ने मंडल परिसर में रोपे पौधे



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल परिसर में शनिवार को चंपा और टिकोमा के आकर्षक पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आल इंडिया बिजली कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी सदस्य अरुण देवांगन और समिति के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने मंडल के मुख्य द्वार पर बने लॉन एरिया में पौधे लगाए। समिति के उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि पर्यावरण समिति ने मंडल के नवनिर्मित भवन को सुंदर बनाने के लिए परिसर में चंपा, टिकोमा सहित कई प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। पौधारोपण का नेतृत्व कृषि वैज्ञानिक डॉ. जेएस उरकुरकर ने किया। इस अवसर पर रेखा उरकुरकर, अर्चना पराडकर, करकशे, किशोर साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गृहग्राम तौलीडीह ध पहुंचे अग्निवीर सावन साहू का भव्य स्वागत

हरिभूमि ▶▶| गिरसा नाला



ग्राम तौलीडीह (ध) के किसान ओमनारायण साहू के पुत्र सावन साहू के अग्निवीर बनने के बाद प्रथम गांव आगमन पर ग्रामवासियों द्वारा स्वागत किया गया। सावन साहू की पोस्टिंग मिसामारी आसाम में एस बटालियन में हुई है। सावन के पिता ने बताया कि वह बचपन से ही सैनिक बनने की इच्छा रखते थे। आज जब सावन साहू अग्निवीर बनकर घर पहुंचा तो उनके माता पिता की सीना गर्व से ऊंचा हो गया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम साहु सरपंच, सहदेव सिंह सिदार जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि , तेज राम साहू अध्यक्ष साहू समाज, पुरन लाल साहू, दिलीप कुमार साहू , डगेश कुमार साहू, पीला राम साहू, राधे श्याम साहू , मान साय साहू, प्रेम लाल केवट ,नरेश कुमार नारंग , समाजिक सदस्यों में सेतु प्रसाद साहू, झाड़ु लाल साहू मंडल अध्यक्ष , योगेश्वर साहू मंडी अध्यक्ष ,अमरनाथ खटकर, लेख सिंह रात्रे ,चंचला महिलाने ,रमशिला साहू सोसायटी अध्यक्ष, ललिता निराला, घनश्याम चंद्रा मंडी अध्यक्ष,श्याम साहू, उतरा साहू ,गोविंद साहू , कुलेश्वर साहू, नंदू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अग्निवीर देवेंद्र के गृहग्राम बैजनाथ आने पर मना जश्न



**कसडोल।** अग्निवीर देवेंद्र साहू 2 वर्ष की कड़ी मेहनत एवं 7 माह गोवा में ट्रेनिंग करने के पश्चात आज अपने गृहग्राम बैजनाथ पहुंचा। इस दौरान परिवारजनों सहित दोस्तों ने अग्निवीर जवान का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि देवेंद्र साहू पिता गुहाराम साहू का चयन इसी वर्ष 23 अप्रैल को जांजगीर में रैली के दौरान हुआ था। इसके बाद देवेंद्र साहू ट्रेनिंग के लिए निकल गए थे। लेकिन आज ट्रेनिंग के बाद घर पहुंचने पर उनका रंग, गुलाल, पुष्पों से स्वागत किया और जमकर जश्न मनाया। इस दौरान देवेंद्र के मित्र हेमंत, लालजी साहू, लालजी केवंट, देव निषाद, राज यादव, रति पटेल, प्रहलाद साहू आदि मौजूद रहे।

**आयोजन :** भवन निर्माण के लिये सभी औपचारिकताएं पूरी कर शासन को भेजा गया : घोरे

# व्यवहार न्यायालय भाटापारा का मनाया गया 19 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

### अतिथियों को दिया गया स्मृति चिन्ह



#### अतिथियों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह, साल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही व्यवहार न्यायालय भाटापारा में विधि व्यवसायरत वरिष्ठ अधिवक्ता मोतीलाल केशरवानी, डी.जी. मानिकपुरी, सुकृत साहू, आर.एस.वर्मा एवं जे.के. अग्रवाल को शाल व श्रीफल भेंट मुख्य अतिथि राकेश बिहारी घोरे एवं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों तथा संघ के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से तरूण टंडन, अंजू साहू, नरेन्द्र साहू, दिलीप यदु, सुरेश टंडन, कमलेश पाण्डेय, एम.डी. घृतलहरे, आंनद शर्मा, माधव साव, न्याजी खान, विजय केशरवानी, सत्यजीत सलूजा, राकेश अग्रवाल, राजेश्वरी यादव सुरज शर्मा, महेश यदु, लोचन सोनवानी, श्रीमती ईरम खान, आलोक तिवारी, प्रकाश मिश्रा, मनीष यादव, नरेन्द्र यदु, संजय केशरवानी, सुनीत साहू, कैलाश यादव, संजय बाजपेयी, रूपेन्द्र साहू, हेमंत साहू आदि अधिवक्ता एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

व्यवहार न्यायालय का 19 वां स्थापना दिवस 3 दिसंबर को मनाया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश बिहारी घोरे, प्रधान जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार एवं अध्यक्षता सतीश कुमार जायसवाल जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा, विशेष अतिथि श्रीमती सरोज नंददास, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बलौदाबाजार ने की। अति विशेष अतिथि राकेश वर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार, श्रीमती संजया रात्रे, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार एवं सुश्री स्मिता रत्नावत, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा, अजय कुमार खाखा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी बलौदाबाजार, श्रीमती मंजूलता सिन्हा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 बलौदाबाजार, श्रीमती अंकिता अग्रवाल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02 भाटापारा, कुमारी सारिका नंदे व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02, कुमारी माला यादव व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02, कुमारी पूजा चन्द्रा, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02 बलौदाबाजार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात अरपा पैरी के धार राज्यगीत का गायन हुआ। कार्यकम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश श्री घोरे ने व्यवहार न्यायालय के भवन निर्माण के लिये सभी न्यायालयीन औपचारिकताएं पूरी हो जाने एवं उक्त कार्य अविलंब प्रारंभ कराये जाने के लिये फाइल छग शासन को प्रेषित किया जाना बताया। सतीश कुमार जायसवाल एवं श्रीमती सरोज नंददास ने भी संबोधित किया। अधिवक्ता संघ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जी.डी. मानिकपुरी एवं अनिल मिश्रा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ द्वारा संबोधित किया गया। अधिवक्ता संघ की ओर से व्यवहार न्यायालय भाटापारा की स्थापना तथा अतिरिक्त न्यायालय भवन एवं अतिरिक्त न्यायाधीश की व्यवस्था के लिये उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं रजिस्ट्रार जनरल तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भाटापारा तथा स्थानीय नेतृत्व शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संचालन सुरेश यदु अधिवक्ता द्वारा किया गया।

# रासेयो के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नशा के दोष को विद्यार्थियों ने किया उजागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- पलारी महाविद्यालय का रासेयो शिविर ग्राम सर्रा में आयोजित किया गया

शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम सर्रा में सप्त दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन सरपंच वीरेंद्र वर्मा के मुख्य अतिथि एवं सोनम यादव की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के समापन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र खरे ने कहा की सभी स्वयं सेवको ने सात दिवस तक गांव में प्रभात फेरी, परियोजना कार्य , सांस्कृति कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता व नशा मुक्ति पर लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया। सभी स्वयं सेवको को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया। उक्त अवसर पर ईसंज्ञा मेश्राम लक्ष्मीनारायण जलहरे आत्मा राम वर्मा दीप्ति वर्मा, त्रयंबिका साहू सुमन वर्मा वरिष्ठ स्वयं सेवक व महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि पिंटू वर्मा वरिष्ठ स्वयं सेवक आरती वर्मा पूजा उर्वशी माधुरी देवीका टिकेश्वर दीप्ति शिविर नायक गैंदराम धीवर शिविर नायिका अन्नपूर्णा कनौजे युवराज, नीलम साहू, वाणी, नेहा, लक्की, अमन डिगेस हितेस्वरी, ज्योति, लक्ष्मी, गामनी शिवम ग्रुप योगेश कन्नोजे, थमेश, वीना, सागर, अनामिका, मनलता, रेखा, निलेश, नीलाम धीवर, सुनीता, अन्नु, सुंदरम ग्रुप, अन्नपूर्णा कन्नौजे, माधुरी, किरण घृतलहारे, संजना त्रिपाणी, आमनी रोहित नवीन घृतलहरे वर्षा रिहान लोकेश मधुरम ग्रुप, ममता, सैलेंद्र, संजना धीवर , गायत्री, मधु , किरण वर्मा , हेनुका , विजय , विकास , सुरेंद्र, हेमकुमार संगम ग्रुप पुनेश्वर , साहिल , आलोक, रंजीता, मनीषा, सोनिया, स्वाति , यामिनी ,देवाशीष , मायाराम , दीपिका सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गृहे-गृहे यज्ञ में 201 घरों में किया गया गायत्री यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

- जनवरी 2025 में होने वाले 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ के लिए हुआ भूमिपूजन

नगर पवनी में प्राणियों का मंगल,उनके अधिकारों का रक्षण और विश्व शान्ति स्थापना उद्देश्य से रविवार को 201 प्रज्ञा पुरोहितों द्वारा गायत्री यज्ञ संपन्न कराया गया। सभी के सुखी जीवन की कामनाओं के निमित्त प्रार्थना किया गया। जिसके पश्चात शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण करते हुए स्कूल मैदान में जनवरी 2025 में 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ के लिए गोरा प्रसाद साहू जिला समन्वयक द्वारा भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नंदू साहू,लोकनाथ साहू,एवं सपत्निक क्रमशः भजन लाल साहू ,रामकृष्ण साहू एवं मनोहर लाल साहू, पंचराम साहू सहित भटगांव, सरसींवा, बिलाईगढ़, धारासीव, धोबनी, पवनी, छिर्रा, देवरहा, धनसिर, बरमकेला, सारंगढ़, कोसीर, सरिया इत्यादि क्षेत्रों सहित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के साथ जांजगीर चाम्पा व बलौदाबाजार जिले के गायत्री परिजन सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

# वार्षिक खेल स्पर्धा में नेशनल स्कूल के छात्रों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



नगर पंचायत भटगांव मे संचालित करियर पॉइंट नेशनल स्कूल द्वारा शासकीय स्कूल दशहरा मैदान में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया।

6 एवं 7 दिसम्बर तक आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में नर्सरी से 12 वीं तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। प्रथम दिवस क्लास नर्सरी से 1 तक बच्चों के खेलकूद का आयोजन किया गया.जहाँ खेलकूद का प्रारम्भ सेजेस स्कूल भटगांव के प्राचार्य व नोडल अधिकारी गिरजा शंकर धीवर द्वारा किया गया। प्रथम दिवस खेलकूद में जलेबी रेस, बैलून रेस, फ्रॉग रेस, बैग पैक रेस, बाल पैकिंग इन बॉक्स, चेयर रेस, रिले रेस हुआ। द्वितीय दिवस खेलकूद का प्रारम्भ पुरे नगर मे रैली निकालकर किया गया जहाँ स्कूल से रैली प्रारम्भ होकर शनि मंदिर, शीतला मंदिर, बस स्टैंड होते हुये लोगों को खेलकूद के प्रति जागरूक करते हुये खेल मैदान पहुंची।

द्वितीय दिवस के खेलकूद मे क्लास 2 से 12 वीं तक के बच्चों ने रस्सा कस्सी, कबड्डी, क्रिकेट, खो खो, उची कूद लम्बी कूद, साइकिल रेस,100 मीटर दौड़ इत्यादि खेल का आयोजित किया गया।

## कुर्मी संझा कार्यक्रम तुलसी में होगा 21 से



**खरोरा।** सर्व कुर्मी समाज का कुर्मी संझा कार्यक्रम 21 व 22 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसी नेवरा में रखा गया है। इस संबंध में शनिवार को कार्यक्रम स्थल तुलसी में बैठक रखी गई। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष व सांसद विजय बघेल, मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप सहित सहित बड़ी संख्या में समाज व छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज समाज के पदाधिकारी, सामाजिक लोग शामिल हुए। आयोजित बैठक में सभी ने कार्यक्रम को लेकर अपने अपने विचार रखे। महिला पदाधिकारियों ने कलश यात्रा सहित अन्य बिंदुओं पर बातें रखीं। सांसद व केंद्रीय अध्यक्ष ने राज्य सरकार द्वारा डा. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का नाम बदले जाने पर भारी नाराजगी जाहिर कर इसे यथावत रखने की मांग की।

# पवनी रासेयो शिविर में प्रतिदिन योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी में सात दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत के लिए युवा विषय पर ग्राम रमतला के प्राथमिक शाला प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी द्वय एच.आर.कुर्रे एवं वी पी साहू के मार्गदर्शन में शिविरार्थियों के द्वारा शिविर में प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी एच आर कुर्रे ने बताया कि शिविरार्थी प्रतिदिन योगाभ्यास के लिये स्वयं प्रेरित होकर उपस्थित हो रहे है। योग करने से हमारा तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है,हमे प्रतिदिन योग को अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिये।

महाराष्ट्र में कबड्डी प्रतियोगिता में लेंगी भाग, कल से होगी शुरू

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में छात्रा अचला दिखाएगी दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- 14 वर्ष बालिका वर्ग में छग टीम की ओर से खेलेंगी

शासकीय मिडिल स्कूल गैतरा की छात्रा अचला यादव राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएगी। 14 वर्षीय बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम की ओर से खेलेंगी। जानकारी के अनुसार अमरावती महाराष्ट्र में 10 से 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 14 वर्षीय बालक–बालिका वर्ग में कबड्डी के लिए रायपुर संभाग के तीन छात्रों का चयन किया गया है। जिसमें बलौदाबाजार जिले के शासकीय मिडिल स्कूल गैतरा की छात्रा अचला यादव का भी चयन हुआ है। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्र अचला यादव अमरावती महाराष्ट्र में होने वाले राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की तरफ से 14 वर्षीय बालिका वर्ग में कबड्डी खेलेगी। अचला यादव ने इस बात को साबित कर दिखाया है कि पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। संकुल प्रभारी फलेंद्र वर्मा, संकुल समन्वयक बलदाऊ प्रसाद साहू स्कूल के शिक्षक हरिशंकर वर्मा,ममता पांडे ने अचला यादव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

#### शाला व परिवार को किया गौरवान्वित

विद्यालय की प्रधान पाठक मोनिका साहू ने बताया कि अचला छोटे से गांव गैतरा में रहती है। उसकी बचपन से ही खेलकूद में रुचि रही है। गांव में रहकर सुविधाओं के अभाव के बावजूद खेल शिक्षक संतोष कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में कबड्डी में अच्छा प्रदर्शन कर शाला परिवार सहित छात्र के माता पिता व ग्रामीणों को गौरवान्वित किया है।

